[Mr. Speaker]

they rise in their seats, obstruct the proceedings and then accuse me that I have shown indulgence to some or they have been blackmailing me and **then walk out, it becomes a little** difficult for me. In those cases, at least the Members have walked out. In this case, he says that he would not go in spite of my orders.

**Shri Ranga:** He has also walked out.

**Mr. Speaker:** No he has not walked out. He is still here and he says he would not go.

**श्री बागड़ी** : मैं ने भ्राप से भ्रर्ज किया कि

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : माननीय सदस्य ने जो प्रस्ताव रखा है, मैं उस में यह संशोधन करना चाहता हूं कि "सैशन के बाकी भाग" के स्थान पर "एक सप्ताह" रख दिया जाये ।

(*Shri Bagri then left the House.*)

**भ्रध्यक्ष महोदय** : क्या हाउस की मर्जी है कि इस मामले को इसी जगह छोड़ दिया जाये ।

**कुछ माननीय सदस्य** : जी हां ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : हमें हमेशा इस बात का ध्यान रहता है कि हम संसद् की मर्यादा भंग न करें, लेकिन यहां पर जो ऐसी कार्यवाही होती है, जिस से उत्तेजना फैलती है, जो कि कुछ सदस्यों के द्वारा फैलाई जाती है, उस से देश में भ्रौर दुनिया के दूसरे देशों में बहुत बुरा भ्रसर पड़ता है । हमारी लड़ाई सरकार से है । हम सरकार की खूब भ्रालोचना करें भ्रौर मंत्रियों की खूब छीला-छोली करे,लेकिन हम को भ्रध्यक्ष महोदय की बात पूरी तरह माननी चाहिए । जो माननीय सदस्य यहां पर इस प्रकार का उत्तेजना फैलाते हैं,उनका एक मात्र उद्देश्य यह रहता है कि ये सब बातें समाचारपत्रों में भ्रायें । इस लिए मेरा सुझाव है कि ऐसा प्रस्ताव लाया जाये कि भ्रगर हाउस में इस प्रकार की बातें हों तो वे रिकार्ड में न रहें । भ्रगर वे रिकार्ड में नहीं रहेंगी, तो मुझे पूरा विश्वास है कि वे समाचारपत्रों में भी नहीं भ्रायेंगी । मैं समाचारपत्रों पर कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाना चाहता हूं, लेकिन जिन बातों से उत्तेजना फैलती है, उन को बढ़ावा नहीं देना चाहिए।

**भ्रध्यक्ष महोदय** : बहुत भ्रच्छा—श्री बनर्जी ।

---

13.09 hrs.

## RAILWAY BUDGET—GENERAL DISCUSSION—*Contd.*

**Mr. Speaker:** The House will now proceed with the General discussion of **of the Budget (Railways) for 1965-66.** Shri S. M. Banerjee will continue his speech.

**Shri S. M. Banerjee** (Kanpur): Mr. **Speaker, yesterday I was referring to** the case of victimisation of trade union workers who took part in the 1960 strike. While I was on my legs I referred to the case of Posts and Telegraphs and other departments where 90 to 98 per cent of the employees **who were victimised during the strike** have been taken back. As this question has been agitating the minds of the All India Railwaymen's Federation and other unions, I would request **the hon. Minister to kindly reconsider** these cases. They took part in the strike in 1960 and after that every organisation suffered a lot. Now there are good industrial relations not only with the railway management the Railway Board or the Railway Ministry but generally the Government employees are discussing the various issues for a negotiated settlement.

In this connection, I would submit that there are certain cases in the South Eastern Railway. I particularly

mention the case of Shri Chakladar who was suspended in 1960 for taking part in the strike. Unfortunately, his case has not yet been decided even after a lapse of nearly five years. I would only request the hon. Minister kindly to take a sympathetic attitude in these cases and see that those who are still out on the streets without a job are taken back.

Recently, two of the popular representatives of the South Eastern Railwaymen's Union have been arrested under the DIR, namely, Shri N. Chakravarti and Shri A. Lakshminarayana. Either Shri Lakshminarayana or Shri Chakravarti never did anything which may be construed as some subversive or antinational activity. These railway employees representatives of their Union, asked for more contribution for the nation. After the Chinese aggression they went out of their way to help this Government to improve efficiency and output. For doing this these two young men, Shri Chakravarti and Shri Lakshminarayana are behind the bars.

I took up this matter with the Chief Minister of West Bengal and I have got a reply saying that the West Bengal Government is unable to consider these cases. I would only request Dr. Ram Subhag Singh kindly to ask for the papers. Let him call for the papers and if he is satisfied that these employees behaved in a fashion which helped the Chinese aggressors, they must not only be arrested but other action should also be taken against them; but if there is nothing against them I would request him kindly to see that those arrested persons are immediately released so that confidence may be restored among the South Eastern Railway people in particular and the railwaymen in general.

Coming to another very vital point, namely, casual labour, recently a statement was made by Dr. Ram Subhag Singh on a 'call attention' notice of mine and my hon. friend, Shri Dinen Bhattacharya, in this connection. A scheme was accepted by the Railway Ministry, known as the decasualisation scheme. The Railway Board was to decasualise those thousands of employees who were working as casual labour. Recently I have received 200 telegrams from various places in this country, mainly from Kharagpur, Agra, Golaghat and other places where the services of casual or temporary employees have been retrenched or are being retrenched.

What is happening with those casual employees is that the Central Pay Commission pay scale has not been implemented in their case though their casses have been recommended and there is a clear order by the Railway Board that those who have completed a particular tenure of service of six months or more should be covered under the CPC scale. I would, therefore, request the hon. Minister to end this gross injustice which is being done to the casual employees. A committee with a member from the Railway Board, preferably the Member (Staff), two representatives of the two Federations and one representative of the concerned Railway Union should be appointed immediately to go into the question of this casual labour and the implementation, non-implementation or incorrect implementation of the various Government orders issued from time to time from the Railway Board.

It is high time that their minimum wage is also increased. What is the minimum wage that they are getting? They are getting Rs. 45, Rs. 41 and Rs. 37 in the case of *reja*, that is female employees and they have to pay Rs. 5 or Rs 10 as fees to some small officers to keep their services intact so that they may get a job after their services are terminated after six months and they are re-employed after 15 or 10 days, or even after two days. Once the Railway Ministry has accepted that they have to decasualise these employees, I will earnestly request the Railway Minister kindly to appoint a committee so that it may deal with the entire matter very clearly.

**Mr. Speaker**: The hon. Member's time is up.

**Shri S. M. Banerjee**: I had taken only seven minutes yesterday.

**Mr. Speaker**: Then minutes; that is what the record says.

**Shri S. M. Banerjee**: You may kindly give me another five minutes.

**Mr. Speaker**: All right.

**Shri S. M. Banerjee**: Then I come to the nationalisation of the light railways. The increase in third class fares would have been avoided had the light railways been nationalised. It is really a scandalous affair. All these railways, whether it is the Dehri Sasaram Light Railway or the Howrah Amta Light Railway or the Saharanpur Light Railway, are such that if you really travel in these trains, you will find that they hardly reach their destination. You have no hope of reaching the destination and you have to get down and catch some bus. That is exactly what is happening. Since these railways are controlled by the big business houses Government is unable to take a decision. But I know that now we have a Railway Minister with courage and conviction and he is being helped by other Ministers like Dr. Ram Subhag Singh and Shri Sham Nath who, of course, is not listening to me. They can take a bold decision so that these railways may be nationalised.

There are two other minor points and one of them is about the shifting of the training school from Sealdah to Dhanbad. I have gone through the entire papers in this connection. I have seen this place myself. A huge building has been constructed at Dhanbad where there is no water and no facility for school-going children. This training school is to be transferred there. I am told that another sum of Rs. 27 lakhs is being paid or sanctioned to have this double storey building. If it is a question of shifting this training school to Dhanbad only because a building has been constructed, I would submit that this building can be utilised by the Bokaro Steel Plant or other people. Let this training school not be shifted. If we want any expansion, by spending Rs. 5 lakhs or Rs. 6 lakhs in Sealdah itself where there is the Clem Brown Institute which is a big technical training school, I hope this matter can be settled. I would only request Dr. Ram Subhag Singh in all earnstness that he should examine the whole matter afresh. If somebody took such a decision, it was a brainwave of some officer or Minister. It should not be shifted to Dhanbad.

Then, I would refer to the case of Ordnance officers who came to the Railways. These officers were working as Class I officers in the Ordnance Factories Depots and other places in the Defence Services. They were transferred to and accepted by the Railway Ministry; but it is most unfortunate that their services are not being counted for the purpose of seniority etc. These are highly qualified officers. I have all appreciation of their good work and, I am sure the Railway Ministry has equally appreciated their work. They should be given enough chances so that they may get their promotion. Only because their total service has not been counted for the purpose of seniority in the Railways, they have been superseded by their juniors. I would only request that their services should be counted.

One last point and I am done. This is about Shri Mukund Pareek. This employee took permission from the Railway and actually fought an election and won.

**Mr. Speaker**: Shri Banerjee knows it much better than I do......

**Shri S. M. Banerjee**: I am not referring to individual cases but I am only referring to it because 26 MPs met the Railway Minister personally and requested him about it. My only request is that this Government employee who was once a Railway employee should not suffer. His case should be considered.

With these words I will request the hon. Minister kindly to consider these three points; namely, cheap grain shops wage board and victimisation cases should be reviewed. These are the three main demands and they should be entrusted to the three Ministers and they should consider all these points.

**Mr. Speaker**: Shri Bibhuti Mishra.

**श्री विभूति मिश्र (मोतिहारी)** : अध्यक्ष महोदय . . .

**श्री हुकम चन्द कछवाय (देवास)** : अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय हाउस में उपस्थित नहीं हैं ।

**अध्यक्ष महोदय** : डा० राम सुभग सिंह तो हैं ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** तो फिर कोरम भी नहीं है ।

**श्री विभूति मिश्र** : जब भी हम बोलने खड़े होते हैं, इस तरह से बाधा उपस्थित कर दी जाती है ।

**अध्यक्ष महोदय** : आप बैठ जाइये । वह कहते हैं कोरम नहीं है ।

**Shri R. S. Pandey** (Guna): There is the convention that between 1 and 2 P.M. the quorum should not be challenged.

**Mr. Speaker**: That is left to the good sense of the Members. If they insist on that, I cannot help it. The constitutional provision is there. I cannot override it. Let the bell be rung.

The bell is being rung .... now there is quorum.

**श्री विभूति मिश्र** : अध्यक्ष महोदय रेलवे मंत्री जी द्वारा जो बजट रक्खा गया है उसका मैं हार्दिक स्वागत करता हूं और समर्थन करता हूं । मैं रेलवे मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि पिछली

2329(ai)LSD—6.

साल से इस साल 64 लाख रुपये रेलवे के जरिये जो सामान गायब हो जाता है, गुम हो जाता है, उस के मुआवजे के लिए देने के सम्बन्ध में उन्होंने अपने भाषण में कहा है । मैं चाहता हू कि हमारे रेलवे मंत्री इस बात की तरफ ध्यान दें कि रेलवे से कोई सामान गुम न हो या उस का मिसडाइरेक्शन न हो, उस में किसी तरह का फर्क न आये । हम देखते हैं कि आज कल चाहे लोग अपना सामान कलकत्ते से ले जायें या दिल्ली से ले जायें, वे आजकल ट्रकों पर ज्यादा भरोसा करते हैं, ट्रकों पर उन का ज्यादा इत्मीनान है । जब हम अपना बजट देखते हैं तो पाते हैं कि मालगाड़ियों से हम को पैसा कम मिला है, पैसेन्जरों से ज्यादा मिला है । मैं रेलवे मंत्री जी से कहूंगा कि रेलवे की साख ठीक रहे इस पर पूरी तरह से निगरानी और देखभाल वे करें ।

दूसरी बात यह है कि रेलवे मंत्री जी ने मसाफिरों के ऊपर कुछ रेलवे भाड़ा बढ़ाया है, जब कि उन मुसाफिरों से 5 लाख रुपया रेलवे भाड़े का ज्यादा मिला है । इस लिए मैं चाहता हूं कि जिस तरीके के मुसाफिरों के पास से हमें आमदनी ज्यादा होती है अगर उन पर टैक्स बढ़ाते हैं तो उन मुसाफिरों के आराम के ऊपर कुछ ज्यादा खयाल रक्खें । उन मुसाफिरों पर टैक्स तो बढ़ा दिया जाता है लेकिन उन के आराम का खयाल कम रहता है । मैं चाहूंगा कि उन के आराम पर ज्यादा ध्यान दिया जाय ।

हमारे दोनों रेलवे मंत्री पहले कृषि मंत्री थे । अब वे रेल मंत्री हैं । उन्होंने माल ले जाने पर टैक्स बढ़ाया है, मैं चाहता हूं कि जो किसानों की चीजें हैं, जो खेती की पैदावार बढ़ाने में सहायता करती हैं उन पर टैक्स न बढ़ाया जाये । जैसे सीमेंट है, लोहा है, चूना है, खाद है, इस से उपज अधिक बढ़ती है । इन चीजों पर टैक्स न बढ़ाया जाये । कारण यह है कि हम बाहर से गल्ला मंगाते हैं और उस पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं । यदि

[श्री विभूति मिश्र]

हम अपने देश की खेती को मदद करें तो हमारे यहां पैदावार बढ़ सकती है। हमारे अध्यक्ष महोदय तो खुद पंजाब से आते हैं। आज ही मैं ने सुना है कि पंजाब में गेहूं की फसल बहुत अच्छी है। यह बहुत अच्छी बात है और हम पंजाब को धन्यवाद देते हैं। सारे देश में इस तरह से खेती की पैदावार बढ़नी चाहिए। लेकिन खेती की पैदावार बढ़ाने के लिए जो सामान होता है किसान का, जैसा मैं ने गत वर्ष कहा था, उस के ऊपर सरकार को चाहिए कि किराये और भाड़े में काफी कमी करे। बल्कि मैं तो कहूंगा कि उस के ऊपर एक दम ही भाड़ा न रहे क्योंकि अगर आप एक तरफ से मदद करेंगे इस में तो दूसरी तरफ से आप के लिए फायदेमन्द होगा।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार ने जमीदारी को समाप्त करना चाहा। जमीदारी को खत्म करने के लिए कानूनी पेचीदगियां थीं। इसलिए संविधान में सुधार कर के उस को ऐसा किया गया कि जमीदारी का कानून हटाया जा सके। जिन जिन स्टेट्स में जमीदारी हटाई गई वहां वहां पर उस कानून की मजबूती की गई। लेकिन हमारे व्हीलर साहब की हर स्टेशन पर दूकान है। न मालूम सरकार के दिल में उनके लिए क्या दर्द है। यही नहीं। और बहुत से लोग हैं जो स्टेशनों पर किताबें बेचा करते हैं। अगर एक स्टेशन पर एक आदमी को किताब बेचने का काम दे दिया जाये तो उसके कुछ परिवारों का भरण पोषण हो जायेगा। यही कारण जमीदारी को हटाने के लिए भी दिया गया था। इस से सरकार की आमदनी भी बढ़ जायेगी। अगर इस तरह से किया जाये तो स्टेशनों पर कम्पिटीशन भी होगा। मैं जानना चाहता हूं कि जब हम समाजवाद की ओर बढ़ना चाहते हैं तो एक आदमी को पूंजीपति बना कर क्यों रखना चाहते हैं। हमारे मंत्री महोदय को इस पर ध्यान देना चाहिए।

अभी डिगोया डिबोली में ट्रेन दुर्घटना हुई। उस में मेरी कांस्टीट्यूएन्सी के 20 या 25 आदमी मरे हैं। कुल मिला कर उसमें 100 आदमी मरे हैं। स्टेट गवर्नमेंट कहती है कि हमारा कुसूर नहीं है, सेंट्रल गवर्नमेंट कहती है कि हमारा कुसूर नहीं है, और 700 आदमी उस में मर गये। उन के बाल बच्चों को कौन परवरिश करेगा। जहां तक हमारा सम्बन्ध है हम ने अपने संविधान में रक्खा हुआ है कि सब के साथ न्यायोचित व्यवहार करेंगे।

**अध्यक्ष महोदय** : जो उनके नुमाइन्दे हैं वह करें।

**श्री विभूति मिश्र** : वह लोग माइनर हैं, उन को कोई पूछने वाला नहीं है।

**रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह)** : आप उनके नुमाइन्दे तो हैं।

**श्री विभूति मिश्र** : उन का नुमाइन्दा होकर तो मैं कह ही रहा हूं। इस दुर्घटना में 100 आदमी मरे हैं। ग्यारह बसें इधर से जाती हैं और ग्यारह बसें उधर से आती हैं। सड़क बीच हो गई है। गुमटी नहीं है जो उस की देख भाल करे। मैं मंत्री महोदय से कहूंगा कि वे इस का खयाल करें कि गुमटी बनाकर वहां आदमी रखें।

हमारे स्टेट में पांच करोड़ आदमी बसते हैं लेकिन वहां पर एक भी पब्लिक सर्विस कमिशन नहीं है। या तो बिहार के बच्चे कलकत्ते जायें या फिर जो बच्चे वहां के उम्मीदवार हों वे इलाहाबाद जायें। हमारे बच्चों के लिए बिहार में एक भी पब्लिक सर्विस कमिशन की स्थापना नहीं हुई। अगर हम लोग थोड़ा सा दंगा करें तो यह बात आसानी से हो सकती है। लेकिन हम लोग गांधी जी के अनुयायी हैं। शांतिप्रिय

उपायों से सरकार से प्रार्थना करते हैं । हम लोग शांतिप्रिय रास्ते पर चलने वाले हैं । क्योंकि गांधी जी सब से पहले साउथ अफ्रीका से आने के बाद बिहार गये थे और बिहार पर गांधी जी का बहुत ज्यादा असर है । मैं चाहता हूं कि हमारी सरकार इस ओर ध्यान दे । बिहार में भी एक पब्लिक सर्विस कमिशन हो ताकि वहां के बच्चों को नौकरी पाने के लिए वहीं पर इंटर्व्यू देने की सुविधा हो जाये ।

मुझे ताज्जुब होता है कि हमारी सरकार एक बात की ओर क्यों ध्यान नहीं देती । जब अंग्रेजी राज्य था तब सोनपुर में जो एक रेलवे ब्रिज है उस के अलावा अंग्रेज लोग चाहते थे कि एक पुल और बनाया जाये ताकि लोगों को आने जाने की और सुविधा हो जाये । अंग्रेजों ने कहा कि डुमरियाघाट पर एक और पुल बनाया जाये । उस के लिए अंग्रेजों ने बड़ी छान-बीन की ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : अध्यक्ष महोदय, सदन में फिर कोरम नहीं है ।

**Mr. Speaker:** The bell is being rung .... now there is quorum.

**श्री विभूति मिश्र** : अध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि गंडक नदी पर अंग्रेजों के जमाने में सोनपुर में केवल एक ही पुल था । उन्होंने फैसला किया कि एक और पुल बनाया जाये ताकि अगर सोनपुर पुल टूट जाये या कोई खतरा हो जाये और उत्तर बिहार से आवागमन का कोई जरिया न रह जाये तो लोगों को असुविधा न हो । उस समय जो अंग्रेज सरकार थी वह चाहती थी कि डुमरियाघाट पर पुल बनाया जाये । लेकिन संयोगवश वह नहीं बन सका । आज डुमरियाघाट पर रोड ट्रांस्पोर्ट विभाग एक सड़क का पुल बना रहा है । मेरी दरखास्त मंत्री जी से है कि वे इस पुल को रोड कम रेल पुल बनवा दें । इसके बन जाने से पंजाब से लेकर आसाम तक आने जाने की सुविधा हो जाएगी। हमने देखा कि इस पुल के न होने के कारण पिछले चीनी आक्रमण के समय हमारी फौजों को आसाम और नेफा जाने के लिए बहुत दूर से हो कर जाना पड़ता था । इस पुल के बन जाने से सीधा रास्ता हो जाएगा । इसलिए मैं मंत्री महोदय से दरखास्त करूंगा कि डुमरियाघाट पर इस पुल को अवश्य बनवावें ।

हमारे जिले की यह हालत है कि वहां के लोगों को कहीं भी चौथे दरजे की जगहों पर नौकरी नहीं मिलती । मैं चाहता हूं कि इस इलाके के लोगों को इन जगहों पर प्राथमिकता दी जाए ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हम नेपाल के बार्डर पर रहते हैं । नैपाल की चौड़ाई सौ से सवा सौ मील तक है । आपने अखबारों में देखा होगा कि ल्हासा से एक सड़क काडारी तक बन गयी है और काडारी से सड़क काठमांडू तक तथा काठमांडू से रक्सौल तक बन गयी है। इस तरफ हमारी कोई स्ट्रेटिजिक लाइन नहीं है । इसलिये मैं निवेदन करूंगा कि अगर एक बड़ी लाइन समस्तीपुर से नरकटियागंज तक वाया मुजफ्फरपुर बना दें तो हमारा क्षेत्र सुरक्षित हो जाएगा ।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं । हमारे जिले से ज्यादा सामान एक्सपोर्ट होता है लेकिन वहां पर डी० टी० एस० का दफ्तर नहीं है । जगजीवन बाबू ने कहा था कि वहां पर डी० टी० एस० का दफ्तर खोला जाएगा लेकिन अभी वह समस्तीपुर में ही है और हमारे यहां के लोगों को अपने काम से इतनी दूर जाना होता है । इसलिए मैं चाहूंगा कि हमारे यहां रेलवे डी० टी० एस० का दफ्तर खोले जिससे कि हमारे यहां के लोगों को सहूलियत हो ।

दूसरी बात मैं स्टेशनों पर जो खाने पीने की चीजें मिलती हैं उनके बारे में कहना

[श्री विभूति मिश्र]

चाहता हूं । दिक्कत यह है कि आजकल हमारे मिनिस्टर लोग हवाई जहाज से यात्रा करते हैं इसलिए उनको पता नहीं हो सकता कि रेल यात्रा में लोगों को क्या कष्ट हैं । नान-कोपरेशन के दिनों में गांधी जी तीन महीने में सारे देश का दौरा करते थे । उन को जनता के दुःख का पता रहता था । लेकिन हम लोग जो गांधी जी का नाम लेते है, रेल-गाड़ी में चलना नहीं चाहते, सब हवाई जहाज से चलना चाहते हैं । उनको जनता के दुःख का कसे पता रहेगा । इसलिए मेरा कहना है कि स्टेशनों पर खाने पीने की चीजों के बारे में ध्यान दिया जाए और यात्रियों की सफाई और सुरक्षा का खयाल रखा जाए ।

**श्री राम सहाय पाण्डेय:** अध्यक्ष महोदय, जो रेलवे बजट पेश किया गया है उस के सम्बन्ध में मैं श्री पाटिल को, उनके सहयोगी मंत्रियों को तथा उन लाखों कर्मचारियों को बधाई देता हूं कि वे बड़े अनुशासन से और बड़ी गति के साथ रेलवे की प्रगति के काम में जुटे हुए हैं ।

यह जो हमारा रेलवे का प्रतिष्ठान है, वह न केवल इस देश में वरन् सारे संसार में सार्वजनिक क्षेत्र में एक अद्वितीय प्रतिष्ठान माना जाता है। प्रायः 50 लाख यात्री 6800 स्टेशनों से 10 हजार गाड़ियों के माध्यम से गुजर कर अपने निर्दिष्ट स्थानों पर पहुंचते हैं । इतने बड़े प्रतिष्ठान का नेतृत्व और दायित्व श्री पाटिल और उनके सहयोगी डा० राम सुभग सिंह तथा श्री शामनाथ के हाथों में है, इसलिए इसका भविष्य उज्वल है । और मैं समझता हूं कि रेलों का आधुनिकीकरण करके ही हम ऐसा करने में समर्थ हो सकेंगे ।

मैंने पिछले साल बजट की बहस के दौरान में कहा था कि सन् 1950–51 से किरायों में वृद्धि की परम्परा सी पड़ गयी है उस परम्परा में कोई इस तरह का परिवतन होना चाहिए कि जिस में तीसरे दरजे का यात्री भी यह अनुभव कर सके कि हमारे सम्बन्ध में भी सरकार कुछ सोचती है ।

**13·34 hrs.**

*(Mr. Deputy-Speaker in the Chair)*

हमको इस किराए की वृद्धि की परम्परा में कुछ आमूल परिवर्तन करने की कल्पना करनी चाहिए । मैंने कहा था कि अगर ज्यादा न हो सके तो प्रतीक रूप में ही कुछ कमी की जाए जिससे पता चले कि हम केवल किराया वृद्धि ही नहीं करते बल्कि हम को उससे अधिक ध्यान यात्रियों की सुविधा का है । मैं श्री पाटिल और श्री राम सुभग सिंह से निवेदन करूंगा कि जिस प्रकार श्री टी० टी० कृष्णमाचारी ने अपने बजट में जीवन के हर क्षेत्र में लोगों को कुछ न कुछ राहत दी है ....

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : हाउस में कोरम नहीं है ।

**13·35 hrs.**

(कोरम की घंटी बजायी गयी)

**श्री राम सहाय पाण्डेय** : तो मैं कह रहा था कि तीसरे दरजे के यात्रियों को निश्चित रूप से कुछ राहत दी जाए ताकि वे समझ सकें कि उनको कुछ राहत मिली, चाहे वह राहत सिम्बालिक रूप में ही क्यों न हो ।

अगर सारे संसार की दृष्टि से देखें तो आपको पता चलेगा कि रेलवे यातायात आउट आफ डेट होती चली जा रही है ब्रिटेन में करीब चार या पांच सौ स्टेशन एबालिश किए जा चुके हैं, इसलिए कि रोड का परिवहन

ज्यादा गति पकड़ रहा है । ज्यादातर रेलों से ढुलाई होती है और उसमें भी जहां गोदाम से गोदाम या शहर से शहर और गांव से गांव माल पहुंचाने का काम है उसको रोड ट्रांस्पोर्ट ज्यादा कुशलता से करता है । इस लिये मैं आपको आगाह कर देना चाहता हूं कि यदि आपने रेलवे का आधुनिकीकरण न किया तो ऐसा अवसर आ सकता है कि आपको रोड ट्रांस्पोर्ट से बड़ा कम्पिटीशन करना पड़े । आपने कल ही सदन में कहा कि आपके तीस हजार वैगन ब्राड्गेज के और पांच हजार वैगन मीटर गेज के बेकार पड़े रहें । मैं समझता हूं कि भविष्य में ऐसा हो सकता है कि और ज्यादा वैगन बेकार पड़े रह और इस्तेमाल न हों । आज दुनिया में ट्रांस्पोर्ट सिस्टम यात्री को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देना चाहते हैं । आज अन्य देशों में गाड़ी की स्पीड 125, 130 और 140 मील प्रति घंटा हो रही है । डबल डेकर बोगीज बनायी जा रही हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को बिठाया जा सके । सेंट्रली हीटेड ट्रेन्स का निर्माण किया जा रहा है और इस बात की पूरी कोशिश की जा रही है कि यात्री निर्दिष्ट समय में अपने स्थान पर पहुंच जाए । जापान में हाल में यह नियम बनाया गया है कि अगर कोई गाड़ी एक घंटे लेट हो जाए तो यात्रियों का सारा किराया वापस कर दिया जाता है । सब से बड़ी तरकीब गाड़ियों को लेट न होने देने की यह हो सकती है कि अगर गाड़ी एक घंटे लेट हो तो यात्रियों को किराया वापस कर दिया जाए । हम देखते हैं कि हमारे यहां खास खास गाड़ियां जैसे जी० टी०, कालका मेल आदि अक्सर लेट हो जाती हैं । हम समझते हैं कि इस सम्बन्ध में भी हमको ध्यान रखना चाहिए ।

जनता का सम्बन्ध यात्रा में तीन बातों से होता है । एक तो उसे स्थान मिले, दूसरे यात्रा काल में उसको अच्छा भोजन मिले और तीसरे जिस स्थान पर वह जाना चाहता है उस पर निर्दिष्ट समय में पहुंच जाए । जहां तक स्थान मिलने का ताल्लुक है, आज भी भीड़ रहती है । उसको स्थान नहीं मिलता ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि आपको अपनी गाड़ियों की स्पीड ज्यादा करनी चाहिए । उदाहरण के लिए फ्रंटियर मेल जिसको आज बम्बई से दिल्ली तक आने में 24 घंटे लगते हैं अगर उसकी स्पीड बढ़ा दी जाय और इस यात्रा में केवल 17 घंटे लगें तो आप हफ्ते में बम्बई के लिए दो और प्रिंसिपल ट्रेन्स दे सकते हैं । आप जब स्पीड तेज करे तो उसके लि टैकनिकल डिवाइस भी काम में लावें जिनका विदेशों में आज इस्तेमाल हो रहा है । आज यूरोप में ड्राइवर को मालूम होता है आगे के इलाके में वेदर कंडीशन्स क्या हैं । जैसे वायुयान का चालक 300, 400 मील के आगे की वैदर कंडीशन्स को देख सकता है मैं चाहता हूं कि उसी प्रकार से रेलवे के ड्राइवर्स भी टेलीकम्युनिकेशन डिवाइस के द्वारा दो, चार स्टेशन पहले की स्थिति को जान सकें । टेलीकम्युनिकेशन के द्वारा लाइन क्लियर है इसकी पूरी सूचना उसको दी जा सकती है ।

इसी तरीके से हम को मौडर्न सिगनल प्रोसेस भी ऐडौप्ट करना है, उन्हें बनाना है । अभी जो यह 30 या 32 हजार अनमैंड गेट्स हैं वहां पर हमें सिगनल देना चाहिए ताकि जो ऐक्सीडेंट्स होने की संभावना रहती है वह न रहे ।

हम चाहते हैं कि हमारी रेलगाड़ियों की गति तेज हो, गति और अधिक बढ़ायी जाय और साथ ही रेलगाड़ियां भी ज्यादा बढ़ायी जायें । दूसरी आवश्यकता इस बात की है कि यह जितनी भी मौडर्न डिवाइस हैं, टेलीकम्युनिकेशन्स आदि की, मौडर्न सिगनल की जो रीति है वह हमको तुरन्त लाग कर

[श्री राम सहाय पाण्डेय]

देनी चाहिए क्योंकि संसार इससे बहुत आगे जा चुका है । हम यह कदापि बर्दाश्त नहीं कर सकते कि हम पीछे रहें क्योंकि आज जहां जापान में रफ्तार 150 मील है वहां हमारा औसत केवल 45 ही है । इतना पीछे अभी भी हम हैं । इसलिए यह ठीक ही है कि जब तक हम अपनी रेलगाड़ियों की गति को नहीं बढ़ायेंगे, जब तक हम रेलों की तादाद नहीं बढ़ायेंगे, तब तक हम अपने यात्रियों को अच्छी तरह से एकौमेडेट नहीं कर सकते हैं, आराम से उनको ले नहीं जा सकते हैं । इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि सारे रेलवेज के प्रबन्ध को, रेलवे के प्रशासन को और रेलवेज की सेवा को एक मौडर्न आउटलुक, एक आधुनिक दृष्टिकोण से सज्जित करें । संसार में अन्यत्र जो एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण है, एक साइंटिफिक एप्रोच है और उसके फलस्वरूप वहां पर जो एचीवमेंट्स हुई हैं उनको हमें अपने देश में भी लाना है ।

श्रीमन्, हम जानते हैं कि रेलवेज ने बड़ा अच्छा काम किया है । सन् 1963–64 में करीब 63 नई रेलगाड़ियां जिनका कि क्षेत्रफल 6838 किलोमीटर होता है वह चलाई गई हैं । करीब 2498 किलोमीटर की आयोजना में 1056 किलोमीटर में विद्युतीकरण हो गया है । हम जानते हैं कि आप इस बात के लिए सचेष्ट हैं और आधुनिकीकरण कीदिशा में अग्रसर होने का प्रयत्न कर रहे हैं लेकिन हम चाहते हैं कि उसमें आपकी गति धीमी न पड़े ।

हमें इस बात का बड़ा दुःख है कि चौथी पंचवर्षीय योजना में रेलवे लाइन्स के लिए करीब 40 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया है । मुझे बड़ा दुःख है कि जब कि एक मील रेलवे लाइन डालने में अगर धरती समतल हो तो 9 लाख रुपया व्यय होता है तब इतनी धनराशि में इस चौथी पंचवर्षीय योजना काल में आप किस प्रकार रेलों के आधुनिकीकरण का काम सम्पन्न कर पायेंगे ? कैसे देश को आधुनिक रेलवेज प्रदान कर सकेंगे ?

श्रीमन, मैं एक ऐसे प्रांत से आता हूं जो कि चारों दिशाओं, उत्तर, पूर्व पश्चिम और दक्षिण को मिलाता है । चारों दिशाओं के राज्यों का सम्मिलन हमारे प्रान्त के माध्यम से होता है । तीन मुख्य ट्रंक लाइनें बीच से होकर जाती हैं । कलकत्ते से बम्बई जी० टी०, दिल्ली से मद्रास और पंजाब मेल दिल्ली से बम्बई । केवल यही तीन मुख्य गाड़ियां हैं जोकि मध्य प्रदेश को स्पर्श करती हुई जाती हैं । लेकिन हमारे यहां प्रान्त के अंदर के हिस्सों में जाने के लिए रेल की कोई व्यवस्था नहीं है । आज हालत यह है कि ग्वालियर से सरगुजा और बस्तर पहुंचने में हमें साढ़े पांच दिन लगते हैं । इस प्रजातंत्र के युग में मध्य प्रदेश की रेलों के बारे में अन्य प्रान्तों की अपेक्षा अवहेलना समझ में नहीं आती है । अगर आप देश के अन्य सभी प्रान्तों का रेलवे सुविधा के बारे में सर्वेक्षण करायें तो आप पायेंगे कि मध्य प्रदेश उस दिशा में सब की अपेक्षा अधिक पीछे है । मध्य प्रदेश में रेलों की सुविधा का विस्तार अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि रेलवे के विकास के साथ आर्थिक विकास, मानव विकास और संस्कृति का विकास निहित है । रेलों का विकास होने से हम प्रदेश में और अन्यत्र भी एक जगह से दूसरी जगह आसानी से और कम समय मे आ जा सकते हैं । हमारे यहां खनिज पदार्थों का विपुल भंडार पड़ा है उसको समुद्र तक पहुंचाने का कोई मार्ग नहीं है, कोई रेल नहीं है । यह ठीक है कि अभी आप बस्तर में कुछ दे रहे हैं । डल्लीकारा से बालीडाला तक यह 60 मील की लाइन दे रहे हैं जोकि विजिगापट्टम को मिला देगी और मैं इसके लिए रेलवे मंत्रालय को बधाई देता हूं । अब किसी भी प्रान्त की आर्थिक व सामाजिक स्थिति

इस बात पर निर्भर करती है कि वहां पर रेलों की कितनी सुविधा प्राप्त है ? मेरे क्षेत्र में यद्यपि गुना-मक्सी लाइन आ रही है फिर भी 200 मील का क्षेत्र कुरवई-सिरौंज, लटेरी, मधुसूदनगढ़ यह जो 200 मील का क्षेत्र है वह अभी भी रेलवे की सेवा से वंचित है। अब जहां पर गाड़ी नहीं है वहां की एक वृद्धा ने कहा कि यह रेलगाड़ी आखिर होती कैसी है और यह चलती कैसे है ? उन लोगों ने रेलगाड़ी के दर्शन ही नहीं किये हैं।

मेरा क्षेत्र एक तिहाई आदिवासियों का क्षेत्र है। पूरे के पूरे मध्य प्रदेश की जनसंख्या का सर्वेक्षण करा कर देखें तो आप पायेंगे कि इस साढ़े तीन करोड़ की आबादी में एक करोड़ ऐसे लोग होंगे जोकि कभी रेल में बैठे ही नहीं हैं जिन्होंने कि कभी रेल की यात्रा ही नहीं की होगी। इस से सिद्ध होता है कि हमारा प्रदेश रेल सेवा में कितना पिछड़ा हुआ है ? यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात होगी कि पाटिल साहब और डा० राम सुभग सिंह के होते हुए उनकी यह अवस्था बनी रहे। मध्य प्रदेश की जो स्थिति है उसका पूरा सर्वेक्षण होना चाहिए ताकि पंजाब, उत्तर प्रदेश और किसी हद तक दक्षिण में जो रेलवे लाइनों की सुविधा सुलभ है, वैसी व्यवस्था हमें भी मिल जाय और हमारे यहां पर रेलवे लाइंस का जाल बिछ जाय ताकि हम अपनी विपुल खनिज सम्पदा का पूरा पूरा लाभ उठा सकें और उनको आसानी से और कम समय में निर्दिष्ट स्थानों तक पहुंचा सकें।

रेलों में भोजन की व्यवस्था के सम्बन्ध में मुझे यही कहना है कि उसमें एक प्रतियोगिता की भावना पैदा कीजिये। आपने उसका राष्ट्रीयकरण कर दिया है, उसको विभागीय कर दिया है वह तो ठीक ही है लेकिन उसमें एक प्रतियोगिता का भाव पैदा कीजिए ताकि यात्री लोगों को अच्छा व सस्ता भोजन मिल सके।

चूंकि मेरा समय समाप्त हो गया है इसलिए केवल एक बात और कह कर मैं बैठ जाऊंगा। यह जो श्री कृष्णमाचारी द्वारा सरचार्ज लैवी लगाई गई है, इम्पोर्ट लैवी, उससे रेलवेज के लिए जितना सामान हम इम्पोर्ट करते हैं, उसे लैवी से छूट दे दी जाय। यह 6, 7 करोड़ रुपये का जो इम्पोर्ट सरचार्ज रेलवे कम्पोनैंटस को इम्पोर्ट करने पर लगेगा उससे इसको छूट दे दी जाय हालांकि यह होगी बुक इंट्री ही।

तीसरे दर्जे के यात्रियों को सुविधा देने की बात की जाती है। मैं चाहूंगा कि 40 करोड़ की धनराशि जो कि चौथी पंच-वर्षीय योजना में रेलवे लाइन्स के लिए रक्खा गया है उसको बढ़ा कर 100 करोड़ कर दिया जाय।

एक मेरा सुझाव यह है कि रेलवेज में दो ही दर्जे रक्खे जायें, प्रथम और द्वितीय। तीसरा दर्जा हटा दया जाय। दूसरे दर्जे की जो सुविधायें हैं वह सारी की सारी तीसरे दर्जे के यात्रियों को मुहैया की जायें।

मैं चाहता हूं कि इस तरह से यह पूरा सर्वेक्षण करा कर आप उसकी एकोनामी वर्क आउट कीजिए ताकि तीसरे दर्जे के यात्रियों को जो आज असुविधा होती है वह उन्हें न हो।

इसके अलावा जो तीसरे और चौथे वर्ग के कर्मचारी हैं उन के लिए मोबाइल शोप्स और हाउसिंग की व्यवस्था की जाय, उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाय ताकि वे लोग जोकि आज सबसे नीचे ऐडमिनिस्ट्रेशन में पड़े हैं उनको भी सुविधा मिल सके। बस इन शब्दों के साथ में रेलवे बजट का समर्थन करता हूं।

**Shri J. R. Mehta** (Pali): I should like to begin by congratulating the hon. Railway Minister and his team, and particularly the Railway Board, for their creditable performance which, I think, is just inkeeping with the long traditions of our rail-

